हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 20 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.4 डिग्री
न्यूनतम 34.2 डिग्री

14 समाधान शिविर से मिल रही है लोगों को राहत



14 अंबाला छावनी में मुख्य नालों की सफाई का काम शुरू



## खबर संक्षेप

### डकैतों को हथियार देने वाला गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बलजीत नगर स्थित पीएनबी बैंक की मित्र शाखा में गन पॉइंट पर चार लाख लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों प्रशांत निवासी गांव पुरखास, अजय निवासी कारद हाल शेखपुरा, साहिल निवासी गांव पुगथला, प्रिंस निवासी गांव जुआ, मोहित निवासी गांव कुंडली जिला सोनीपत व केशव निवासी घूप सिंह नगर पानीपत को देसी पिस्तौल व कारतूस सप्लाई करने वाले आरोपी गजानंद पुत्र मंगतराम निवासी लोहारू, भिवानी को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने नशा सप्लायर को दबोचा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने 12 ग्राम हेरोइन तस्करी मामले में नशा तस्कर की निशानदेही पर आरोपी सप्तायर गौतम निवासी गांधी कालोनी को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने गौतम को कोर्ट में पेश किया, अदालत ने आरोपी गौतम को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### शराब की खेप के साथ तस्कर पकडा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने नैन गांव में प्लाट से शराब की 34 पेटियां बरामद की है। वहीं इस मामले में रवि पुत्र राजेंद्र निवासी गांव नैन जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस ने बरामद अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना मतलौडा में एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### संत कबीर प्रकट दिवस पर भंडारा 22 जून को

**रादौर।** रादौर की शिव कॉलोनी में 22 जून को शाम 7 बजे संत कबीर प्रकट दिवस मनाया जाएगा। बुधवार को प्रकट दिवस को लेकर स्थानीय लोगों को निमंत्रण दिया गया। समाज के प्रधान सतीश कुमार ने उक्त जानकारी दी।

# आसमान से टपकती आग और तेज लू चलने से जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

## मौसम विशेषज्ञों ने अभी अगले दो तीन दिन तक गर्मी से राहत न मिलने की जताई संभावना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

पिछले करीब एक पखवाड़े से आसमान से टपक रही आग और चल रही लू के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। गर्मी की तपिश और लू से बचने को लेकर लोग दिन भर घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। आलम यह है कि दोपहर के वक्त बाजार, सड़कें, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड आदि सुनसान रहने लगे हैं। मौसम में बढ़ती गर्मी की तपिश के कारण बुधवार को जिले का तापमान अधिकतम 44 डिग्री सेल्सिय व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी दो तीन तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

■ दोपहर के समय सड़कें, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बाजार रहने लगे सुनसान



यमुनानगर में बुधवार को दोपहर के समय गर्मी में सुनसान पड़ा जगाधरी रेलवे स्टेशन।

बुधवार सुबह सूर्यदेव के निकलते ही गर्मी पड़नी शुरू हो गई और तेज लू चलने लगी। दिन बढ़ने के साथ-साथ गर्मी भी बढ़ती गई। दोपहर के समय हालात काफी खराब देखे गए और गर्मी का असर सड़कों पर भी दिखाई दिया। सड़कों पर सामान्य दिनों से कम ही वाहन दिखाई दिए। गर्मी का असर दैनिक कार्यों पर भी देखा गया।

### ठंडे पेय पदार्थों पर रहा जोर

गर्मी से राहत पाने के लिए बुधवार को अधिकांश लोगों ने बेल का जूस व अन्य ठंडे पेय पदार्थों का सेवन किया। जबकि कुछ लोगों ने अपने घरों में ही निंबु पानी पीकर गर्मी से ठंडक पाने का प्रयास किया। आलम यह रहा कि दिन भर लोग गर्मी व मौसम में उमस बनने से बेहाल रहे।

### रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड भी रहे दोपहर को सुनसान

तपती गर्मी का असर बुधवार को शहर के रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर भी देखा गया। दोपहर के समय रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड सूनसान हो गए। आलम यह रहा कि स्टेशन के प्लेटफार्म पर नाम मात्र ही यात्री ट्रेनों की इंतजार करते देखे गए।

### शाम होने पर मिली राहत

शाम ढलने के बाद गर्मी से कुछ राहत मिली और बाजारों में खरीददारी करने के लिए लोगों को शाम ढलने का इंतजार करना पड़ा। क्योंकि दिनभर गर्मी के कारण घरों से बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझा। शाम के समय पाकारें में भी कुछ लोग घूमते हुए दिखाई दिए।

### गर्मी में पहनें सूती वस्त्र

फिजिशियन डॉ. राजकुमार का कहना है कि गर्मी में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। सीधी धूप से बचें। तेज धूप में बाहर न निकलें। सूती वस्त्र पहनें और धूप के समय बदन को ढककर रखें। बाजार की तली व भूनी हुई वस्तुओं से परहेज करें। पानी अधिक मात्रा में पिएं और ताजे फलों का जूस ही पिएं। बाजार में बिक रहे पेय पदाथारें के सेवन से पहले गुणवता की जांच कर लें।

# यमुनानगर में स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा जिले में लगातार नशातस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी शिकंजा के तहत कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने हजारों रुपये की स्मैक के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला नशातस्कर से कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने 42.30 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

■ पुलिस आरोपी महिला से पूछताछ कर रही

कंट्रोल ब्यूरो के उप पुलिस अधीक्षक अंबाला जगबीर सिंह व यूनिट अंबाला प्रभारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि वह सह उप निरीक्षक मतलूब हुसैन के साथ यमुनानगर क्षेत्र में गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें किसी ने गुप्त सूचना दी कि यमुनानगर के शादीपुर में मैफरीन नामक महिला अपने घर के बाहर स्मैक बेचने की फिराक में खड़ी है। सूचना मिलते ही वह पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को पकड़ लिया। इस दौरान मौके पर



यमुनानगर में हजारों रुपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार की गई महिला पुलिस हिरासत में खड़ी हुई।

ईटीओ यमुनानगर अंशुमन ठुकराल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में मौके पर बुलाया गया। जिनकी मौजूदगी में महिला की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान महिला के पास से 42.30 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बताया गया है कि महिला से बरामद की गई स्मैक की बाजार में कीमत हजारों रुपये में है। पुलिस ने महिला मैफरीन को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर दिया। आरोपी से पूछताछ जारी है। पूछताछ में मामले में जो भी संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पानीपत की बेटी शिवानी बनी एसडीएम

## बीसी-ए कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल कर नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

पानीपत की बेटी शिवानी पांचाल का हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (एचपीएससी) में चयन हुआ है। शिवानी पांचाल ने बीसीए कैटेगरी में प्रथम स्थान हासिल कर पानीपत का नाम रोशन किया है। शिवानी को एसडीएम पद पर नियुक्त किया जाएगा। स्मरणीय है कि हरियाणा सिविल सर्विसेज के लिए पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा तीन सीट दी गई हैं। प्रथम स्थान पर बीसी-ए कैटेगरी में शिवानी रहीं। वहीं शिवानी पांचाल मूल रूप से गांव भोडवाल माजरी की निवास है और उनके पिता की करीब बीस साल पहले मौत हो चुकी है। जबकि मांता सविता आंगनवाडी वर्कर है। पिता के निधन के बाद शिवानी की शिक्षादीक्षा संयुक्त परिवार में हुई। शिवानी के चयन से परिवार ही नहीं बल्कि पूरे गांव में और रिश्तेदारों के यहां भी जश्न का माहौल है। शिवानी व उसके परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा है। इधर, शिवानी ने 12वीं कक्षा समालखा से पास की, जबकि बी-टेक सिविल इंजीनियरिंग एनआईटी कुरुक्षेत्र से पास की। इसके बाद शिवानी की बावल स्थित जेएसडब्ल्यू कंपनी में इंजीनियर पोस्ट पर नौकरी पर लग गई, साथ ही शिवानी ने कठोर परिश्रम किया और हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन की परीक्षा दी। इधर, शिवानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने टीचर्स व परिजनों को दिया। शिवानी ने बताया कि पिता दिलबाग के निधन के बाद मां सविता व चाचा दिनेश व नरेश ने तन, मन, धन से सहयोग किया।



नवनियुक्त एसडीएम शिवानी पांचाल।

■ शिवानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने टीचर्स व परिजनों को दिया

# धान की रोपाई शुरू, खेतों में उतरे किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

धरतीपुत्र धान रोपाई के लिए खेतों में उतर गए हैं। इस बार एक लाख 25 हजार हेक्टेयर में धान रोपाई की जानी है, जिसके साथ ही 60 लाख क्विंटल धान उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जिला में करीब 70 फीसद क्षेत्र में पीआर किस्म और लगभग 30 फीसद में बासमती धान की रोपाई की जाती है। किसान पिछले कई दिनों से पूरी तैयारी कर 15 जून का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में बुधवार से धान की रोपाई का काम तेज हो गया है। कृषि विशेषज्ञों ने भी धान की रोपाई के लिए 15 जून से 15 जुलाई तक का समय ही उपयुक्त बताया है। धान की रोपाई का सीजन शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को भी काम मिल गया है। अब करीब डेढ़ माह तक मजदूरों को धान रोपाई का काम मिल रहेगा। प्रगतिशील किसान प्रगट ने बताया कि मजदूर 2700 से लेकर 3200 रुपये प्रति एकड़ तक धान रोपाई के ले रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा धान रोपाई पर 15 जून तक पाबंदी लगाई गई थी, जिसके चलते किसान भले ही दूसरी तैयारी में जुटे थे लेकिन रोपाई नहीं कर पा रहे थे। यही नहीं प्रशासन की ओर से भी पाबंदी के दौरान धान रोपाई करने को लेकर लगातार निगरानी की जा रही थी। हालांकि प्रशासनिक आदेशों को दरकिनार कर धान रोपाई के मामले सामने नहीं आए, लेकिन अब पाबंदी हटते ही धान रोपाई का काम शुरू हो गया है। बता दें कि पिछले तीन वर्षों के दौरान ही धान रोपाई लक्ष्य से अधिक ही रही है। वर्ष 2022-23 में पांच हजार क्विंटल अधिक रकबे में रोपाई की गई तो वहीं 2023-24 में तीन हजार हेक्टेयर अधिक रकबे में धान रोपाई की गई थी। इस बार भी धान रोपाई लक्ष्य से अधिक रकबे में किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

■ 60 लाख क्विंटल धान उत्पादन का लक्ष्य



कुरुक्षेत्र। धान की रोपाई करते किसान। फोटो : हरिभूमि

# कुवि ने भारतीय ज्ञान परंपरा से समाहित एनईपी-2020 को सर्वप्रथम किया लागू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने सर्वप्रथम पूरे देश में सभी प्रावधानों के साथ अपने पाठ्यक्रमों में लागू किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परम्परा को आने वाली पीढ़ी और समाज के उत्थान के लिए प्रसारित करना है। वे बुधवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में गुलजारीलाल नंदा नीति शास्त्र एवं दर्शन शोध केंद्र तथा इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाईड संस्कृत शास्त्रीय नॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में सुशासन तंत्रः भारतीय ज्ञान परम्परा से इसे क्या सीखना अपेक्षित है विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में विद्यार्थियों की मूल्यपरक शिक्षा सहित अकादमिक, शोध, खेल एवं सांस्कृतिक विकास सहित रोजगारपरक शिक्षा प्रणाली पर जोर दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है ताकि आने वाली पीढ़ियां राष्ट्रहित व सुशासन तंत्र में अपना योगदान दें। वेबिनार में प्रो. डीएस राणा, प्रो. कृष्णा रंगा, प्रो. अशोक चौहान, प्रो. विभा अग्रवाल, डॉ. रामचन्द्र, डॉ. अर्चना, डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. पूजा खुराना, सहायक प्रदीप कुमार सहित शोधार्थियों, सम्बद्धित महाविद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

■ राष्ट्रीय बेबिनार में शोधार्थियों, सम्बद्धित महाविद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थियों ने भाग लिया

# पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन

**करनाल।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकते हैं। इस राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे ड्ड2ड्डह्म्स्र्ह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने बताया कि देश की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्साह बढ़ाने का यह एक बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार को दो श्रेणियों नामतः बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में विभाजित किया गया है। दोनों श्रेणियों में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत के लिए आवेदन कर सकते हैं। दोनों ही श्रेणियों में पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं पदक सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# बाबा के भेष में मांगने आए और महिला को बेहोश कर रुपये व मंगलसूत्र ले गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जगाधरी की रूपनगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाली कुशमावती को बेहोश कर दो व्यक्तियों ने घर से 20 हजार रुपए व सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया। दोनों व्यक्ति गली में बाबा के वेश में मांगने आए थे। महिला के होश में आने पर उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ किया केस दर्ज

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गांव सोनादी खास निवासी कुशमावती ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रूप नगर कॉलोनी में किराए के मकान में रहती है। वह घरेलू महिला है। 18 जून को सुबह करीब साढ़े नो बजे उनकी गली में दो व्यक्ति बाबा के वेश में मांगने के लिए आए। आरोपियों ने उसे पीने के लिए पानी मांगा। जब उसने आरोपियों को पीने के लिए पानी दिया तो आरोपियों ने उन्हें अपनी बातों में उलझा लिया और उसे बेहोश कर दिया। करीब दो घंटे बाद जब उसे होश आया तो उसे घर में रखे 20 हजार रुपए व सोने का मंगलसूत्र गायब मिला। उसने आसपास आरोपी व्यक्तियों की जांच की मगर उनका कुछ भी पता नहीं चला। उसने इसकी सूचना अपने पति व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## सियासत

**यमुनानगर विधानसभा सीट पर भाजपा के सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा तीसरी बार भी प्रबल बने दावेदार, अन्य कई नेता भी लगा रहे जोड़तोड़**

# यमुनानगर विधानसभा सीट फतह करने को लेकर भाजपा है उत्साहित

भगवान सिंह राणा ▸▸ यमुनानगर

लोकसभा चुनाव में यमुनानगर विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी को 24,675 मतों से पछाड़ने वाली यमुनानगर विधानसभा सीट को फतेह करने के लिए भाजपा उत्साहित दिखाई दे रही है। खास बात यह है कि यमुनानगर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को अपेक्षा से अधिक मतों की लीड दिलाकर मौजूदा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा तीसरी बार भी टिकट के लिए प्रबल दावेदार बनकर उभर रहे हैं। हालांकि भाजपा में इनके अलावा भी कई नेता टिकट पाने की इच्छा को लेकर केंद्रीय नेताओं के यहां चक्कर लगा रहे हैं। वहीं, कांग्रेस में भी यमुनानगर विधानसभा सीट पर टिकट पाने को लेकर दावेदारों की फौज बढ़ रही है। जबकि इनेलो के एक मात्र पूर्व विधायक चौधरी दिलबाग सिंह प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। बसपा और जजपा अभी मजबूत दावेदारों की तलाश करने में लगी है। विधानसभा चुनाव में यमुनानगर विधानसभा सीट पर अब कौन सा राजनैतिक दल किसे टिकट थमाता है यह भविष्य के गर्भ में है।

■ इनेलो के पूर्व विधायक चौधरी दिलबाग सिंह भी यमुनानगर विससीट को फतेह करने के लिए दिखाई दे रहे हैं तैयार



यमुनानगर से भाजपा से मजबूत दावेदार घनश्याम दास अरोड़ा।



यमुनानगर से कांग्रेस से मजबूत दावेदार भारत भूषण बब्बू।



यमुनानगर से इनेलो के मजबूत दावेदार चौ. दिलबाग सिंह



यमुनानगर से आप के मजबूत दावेदार ललित त्यागी

### लोकसभा चुनाव में राजनैतिक दलों के ये मिले कुल मत

लोकसभा चुनाव 2024 में यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को सर्वाधिक 86523 मत मिले। जबकि कांग्रेस(इंडी गठबंधन) के प्रत्याशी को कुल 61848 मत मिले। इस विधानसभा से भाजपा ने कांग्रेस को 24,675 मतों से पछाड़कर जीत दर्ज की है। जिसे लेकर भाजपा उत्साहित नजर आ रही है। आलम यह है कि लोकसभा चुनाव में अच्छी वोटों से मात देकर जीत दर्ज करने पर भाजपा में मौजूदा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा का ना केवल पार्टी में कद बढ़ा है, बल्कि वह तीसरी बार भी टिकट के प्रबल दावेदार बनकर उभर रहे हैं। वहीं, इनके अलावा भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, रिचा पाहवा, निवर्तमान मेयर मदन चौहान, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू, व्यापारी कल्याण बोर्ड के पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग, समाज कल्याण की पूर्व चेयरमैन मलिक रोजी आनंद व कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए देवेंद्र चावला भी टिकट के दावेदारों की सूची में अग्रणीय दिखाई दे रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव फतेह करने को कांग्रेस है बेताब

लोकसभा चुनाव में हरियाणा से पांच सीटों पर दर्ज करने वाली कांग्रेस पार्टी यमुनानगर विधानसभा सीट को जीतने को लेकर बेताब दिखाई दे रही है। यमुनानगर विधानसभा सीट पर अब तक हुए चुनाव में दस बार पंजाबी समुदाय से और पांच बार ब्राहमण समुदाय से विधायक बन चुके हैं। इस बार कांग्रेस किसी शसक्त ब्राहण समुदाय से या फिर पंजाबी समुदाय से अपना प्रत्याशी बना सकती है। कांग्रेस में अभी तक मजबूत दावेदारों में सबसे प्रबल दावेदार कांग्रेस वरिष्ठ नेता भारत भूषण बब्बु प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। उन्हें पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत कई अन्य बड़े नेताओं का आर्शीवाद प्राप्त है। जिसे लेकर क्यास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस यमुनानगर विधानसभा सीट को फतेह करने के लिए भारत भूषण बब्बू को चुनावी संग्राम उतार सकती है। इसका कारण यह भी है कि भारत भूषण बब्बू ब्राह्मण समुदाय से हैं और उनकी ब्राहमण, पंजाबी समेत अन्य वर्गों में भी मजबूत पकड़ है। इनके अलावा राजन शर्मा, रमन त्यागी, राजकुमार त्यागी, निर्मला चौहान, अनिल गोयल, राकेश शर्मा काका व सचिन शर्मा भी टिकट के लिए भाग दौड़ में लगे हैं।

### इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह दे सकते हैं चुनौती

इंडियन नेशनल लोकदल में अभी तक अकेले मात्र पूर्व विधायक चौधरी दिलबाग सिंह की टिकट के लिए मजबूत स्थिति में है। गत विधानसभा चुनाव में वह भाजपा के मौजूदा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा से मात्र 1455 वोटों से हार गए थे। इस बार वह भाजपा समेत अन्य राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों को कड़ी टक्कर देने की स्थिति में हैं।

### आप का बढ़ता ग्रॉफ बन सकता चुनौती

वर्ष 2019 के चुनाव में आप पार्टी को यमुनानगर विधानसभा सीट पर 0.41 प्रतिशत मत मिले थे। मगर इसके बाद आप ने कंपेन चलाकर जिस तरह संगठन को मजबूती दी है। उससे लगता है कि आप इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस व इनेलो समेत अन्य पार्टियों को कड़ी टक्कर दे सकती है। आप पार्टी में यमुनानगर विधानसभा सीट पर अब तक विस नेता ललित त्यागी की टिकट दावेदारी में मजबूत स्थिति उभर कर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि उन्हें दिल्ली में बैठे कुछ आकाओं से टिकट मिलने के संकेत भी मिल चुके हैं। जिसके बाद उन्होंने युद्धस्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अभियान शुरू किया हुआ है। वहीं, लक्ष्मण विनायक व राहुल भान समेत कई अन्य नेता भी टिकट पाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। वहीं, जजपा व बसपा ने अभी तक किसी दावेदार के संकेत नहीं दिए हैं।

# प्रतिबंधित दवाई के 480 नशीले कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार

यमुनानगर। प्रतिबंधित दवाई के 480 कैप्सूलों के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम में तैनात एसआई सतीश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि कैंप बाजार में एक युवक प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने मौके पर पहुंचकर वहां पर संदीप परिस्थितियों में घूम रही युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 480 प्रतिबंधित दवाई के नशीले कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान कैंप पार्क कैंप निवासी दीपक के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया मामला दर्ज

## खबर संक्षेप

### रजापुर में मकान में हुई चोरी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस ने गांव रजापुर में मकान में चोरी करने वाले नामजद दो आरोपियों सोनू पुत्र बलजीत व संदीप पुत्र अशोक निवास रजापुर को गिरफ्तार किया है। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि इस मामले में संजीव की शिकायत पर थाना सदर में अभियोग दर्ज है। वहीं, पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मामले में नामजद अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा है।

### पुलिस ने दो बाइक चोर को दबोचा

**पानीपत।** थाना किला पुलिस की टीम यूपी की मुजफ्फरनगर जेल में बंद बाइक चोर गिरोह के दो आरोपियों को मंगलवार को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपियों की पहचान परमजीत निवासी दयानंद नगर व शिवम निवासी रामपुरा शामली यूपी के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने 29 मई को बेरीवाली मस्जिद के पास स्थित फैक्टरी के बाहर से एक स्पलेंडर बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना किला में विनोद पुत्र रामेश्वर निवासी काबड़ी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### जाल वाली माता पर लगाया भंडारा

**पानीपत।** पानीपत के गांव भापरा में जाल वाली माता पर हर वर्ष की भांति लोगों द्वारा आपसी सहयोग से एकादशी के अवसर पर भंडारा लगाया गया। इससे पहले लोगों ने हवन यज्ञ करते हुए मंगल कामना करते हुए आहुति अर्पित की। लोगों ने बताया कि हर वर्ष भंडारा लगाया जाता है। आपसी भाईचारे व सद्भाव के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं। इस अवसर पर डा.नरेश, बलवान कश्यप, धर्मबीर, कर्मबीर, हवा सिंह व संजय आदि रहे।

# बारिश नहीं होने और पावर बिजली कट लगाए जाने से किसान परेशान

- किसानों ने सरकार से की गर्मी के मौसम में रोजाना 15 घंटे पावर बिजली दिए जाने की मांग
- किसानों ने की खेतों में बिना कनेक्शन के चलाई जा रही मोटरों पर अंकुश लगाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

बारिश नहीं होने और बिजली के कट लगाए जाने से किसान अपनी फसलों को लेकर चिंतित हो उठे हैं। किसानों ने सरकार से बढ़ती गर्मी में फसलो को सूखने से बचाने के लिए दिन में रोजाना 15 घंटे पावर बिजली दिए जाने और अवैध रुप से बिना कनेक्शन के चलाई जा रही मोटरों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है। जठलाना क्षेत्र के किसान पवन कुमार, रविंद्र कुमार, लाभ सिंह, राज सिंह व गुलाब सिंह आदि ने बताया कि पिछले काफी समय से बारिश नहीं हुई है और तेज गर्मी पड़ रही है। वहीं, खेतों में लगे नलकूपों पर केवल मात्र आठ घंटे बिजली सप्लाई दी जा रही है। इन आठ घंटों में भी कई कट लगाए जा रहे हैं। आलम यह है कि जब तक पानी खेत तक पहुंचता है तब तक बिजली का कट लगा दिया जाता है। जिससे उनके एक एकड़ में भी इन आठ घंटो में सिंचाई नहीं हो रही है। बिजली के कट लगने और बारिश नहीं होने से उनके खेतों में खड़ी गन्ना, धान व चारा समेत सब्जी की फसलें सूखने लगी हैं। उन्होंने सरकार से बारिश होने तक रोजाना 15 घंटे बिजली सप्लाई दिए जाने की मांग की।



यमुनानगर। जठलाना क्षेत्र में पानी की कमी में मुरझाते हुए धान की रोपाई की गई फसल। फोटो: हरिभूमि

### अवैध रुपये से चलाई जा रही मोटरें, बढ़ रहा लोड

किसानों ने बताया कि एक तरफ गर्मी की मार पड़ रही है, वहीं, कुछ लोगों ने अपने खेतों में अवैध रुप से बिना कनेक्शन के बिजली की मोटरें चलाकर सिंचाई करना शुरू कर दिया है। जिससे कनेक्शन लिए हुए किसानों के नलकूपों पर ठीक से बिजली सप्लाई नहीं हो पा रही है। अवैध रुप से मोटरें चलने से बिजली ट्रांसफार्मरों पर लोड़ बढ़ने लगा है। उक्त किसानों ने आरोप लगाया कि अवैध रुप से चलाई जा रही मोटरों के बारे में संबंधित लाइनमैनों को भी पता है। मगर वह मिलीभगत होने के कारण अवैध रुप से की जा रही बिजली की चोरी के बारे में संबंधित अधिकारियों को नहीं बता रहे हैं। जिससे समस्या बनी हुई है। किसानों ने अवैध रुप से चलाई जा रही बिजली की मोटरों पर अकुंश लगाए जाने की मांग की। इस संबंध में संबंधित जेइ से फोन पर बात करने का प्रयास किया गया। मगर हर बार उनका फोन नॉट रिचेबल आता रहा।

### एडीसी ने अधिकारियों को महत्वपूर्ण कार्यों की डिमांड जल्द भेजने के दिए निर्देश

# डी-प्लान स्कीम में जिले के विकास के लिए 19.15 करोड़ का फंड स्वीकृत

- एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

डी-प्लान स्कीम 2024-25 के तहत जिले में विकास कायार्ें के लिए सरकार ने 19.15 करोड़ का फंड स्वीकृत किया है। इसी को लेकर बुधवार को एडीसी आयुष सिन्हा ने अपने कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को जनहित को लेकर अपने विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण कायार्ें की डिमांड जल्द से जल्द भेजने के निर्देश दिए। एडीसी आयुष सिन्हा ने सभी विभागों के अधिकारियों से उनके महत्वपूर्ण कायार्ें की जानकारी ली और महत्वपूर्ण कायार्ें की जल्द से जल्द डिमांड भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि डी.प्लान स्कीम के तहत इस बार 19 करोड़ 15 लाख 80 हजार रुपये का फंड स्वीकृत हुआ है। 16 करोड़ 71 लाख 64 हजार रुपये से नए विकास कार्य किए जाएंगे। जबकि बाकी दो करोड़ 44 लाख 16 हजार रुपये से विभिन्न विभागों के लंबित कार्य पूरे किए जाएंगे। एडीसी आयुष सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने अपने विभाग के जनहित से संबंधित जो महत्वपूर्ण कार्य है। उनकी डिमांड जल्द से जल्द भेजें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग अधिकारी सुनिश्चित करें कि विकास कार्य करने वाली एजेंसी ओरिजनल जियो टैग सबमिट करें। ओरिजनल जियो टैग सबमिट न करने वाली एजेंसी को पेमेंट नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वह खुद विकास कायार्ें का मौके पर जाकर मुआयना करेंगे। किसी भी विकास कार्य में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि डी प्लान के तहत जो बजट जारी हुआ हैए उसे समयबद्ध तरीके से विकास कायार्ें पर खर्च करें। ताकि जनता को इनका लाभ समय पर मिल सके।



यमुनानगर। एडीसी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मौके पर प्लानिंग ऑफिसर रानी, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह, डीएसओ शिल्पा गुप्ता, डिप्टी डीओ शिव कुमार, रादौर नगर पालिका सचिव गुलशन, नगर निगम एक्सईएन विकास धीमान, सुखविंद्र सिंह, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ.सतबीर सिंह आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। नेहरू पार्क से योगा मैराथन दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

# योग मैराथन दौड़ को झंडी दिखाकर किया रवाना

- शहर के नेहरू पार्क से रवाना हुई योगा मैराथन दौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

21 जून को होने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को नेहरू पार्क से योगा मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को मुख्य अतिथि नगराधीश पीयूष गुप्ता ने झंडी दिखा कर रवाना किया। योगा मैराथन नेहरू पार्क से शुरू होकर प्यारा चौक से होती हुई मधु चौक, मॉडल टाऊन से होती हुई नेहरू पार्क में संपन्न हुई, जहां पर सभी को रिफ्रेशमेंट उपलब्ध करवाई गई। योग मैराथन में विभिन्न स्कूलों के बच्चों, जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग, आयुष विभाग, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों को योग अवश्य अपनाना चाहिए। वर्तमान में गांव, शहर, जिला व प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जा रहा है। नगराधीश ने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय नई अनाज मंडी जगाधरी परिसर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 जून को प्रातः 6 से 8 बजे तक नई अनाज मंडी जगाधरी परिसर में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। मौके पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.पवन कुमार, डीआईपीआरओ डॉ.सुनील बसताड़ा, जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता, डॉ.सुनील कुमार, डॉ.शिव कुमार आदि मौजूद रहे।

# किरण चौधरी व श्रुति चौधरी को भाजपा में मिलेगा पूरा मान-सम्मान : कंवरपाल

- प्रदेश के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते कृषि मंत्री कंवरपाल। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कांग्रेसी नेत्री किरण चौधरी व उनकी बेटी श्रुति चौधरी के भाजपा में शामिल होने पर स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इन नेताओं के भाजपा में शामिल होने से पार्टी और अधिक मजबूत होगी। कृषि मंत्री ने बुधवार को जगाधरी स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि किरण चौधरी व श्रुति चौधरी को भाजपा में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। क्योंकि दूसरे विपक्षी दलों की अपेक्षा भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें बूथ स्तर से लेकर बड़े पदाधिकारी तक सबको बराबर मान-सम्मान दिया जाता है। भारतीय जनता पार्टी अनुशासित व मजबूत संगठन की पार्टी है और भाजपा में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं है। कंवरपाल ने कहा कि भाजपा में शामिल हुई किरण चौधरी प्रदेश में मंत्री, कई बार विधायक एवं सीएलपी नेता और वहीं उनकी पुत्री श्रुति चौधरी भिवानी से लोकसभा सांसद रही और उन्हें राजनीति का अच्छा अनुभव है। उन्होंने कहा कि किरण चौधरी एक मजबूत नेत्री है और इन्होंने विधायक एवं मंत्री रहते प्रदेशवासियों की निस्वार्थ भाव से सेवा की है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि किरण चौधरी व उनकी पुत्री श्रुति चौधरी भाजपा परिवार में शामिल हुई हैं। कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस अपनी पुरानी सोच से हटकर दूर होकर कार्य कर रही है और यही वजह है कि काफी संख्या में नेतागण व कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

# रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, पांच लोग घायल

- पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव अकालगढ़ का माजरा में रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिससे एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव अकालगढ़ का माजरा निवासी रामजीलाल ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही सुखदेव सिंह के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उसे समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया मगर उसके बाद से आरोपी सुखदेव सिंह उसे रंजिश रखने लगा। रामजीलाल ने बताया कि 18 जून को सुबह साढ़े आठ बजे वह घर पर काम कर रहा था। इस दौरान रंजिश के चलते सुखदेव सिंह ने अपने साथियों शीशपाल, सूरजभान, रजत कुमार, निशांत, ममता रानी व प्रेमलता के साथ मिलकर उसे पर हमला कर दिया। हमले में वह तथा उसके परिवार के सदस्य पन्नीलाल, निर्मल कुमार, अशोक कुमार व प्रवीण कुमार घायल हो गए। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए।

# साइबर ठगों ने युवक व युवती को पार्ट टाइम जॉब में अधिक पैसा कमाने का लालच देकर ठगे तीन लाख

- पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

साइबर ठगों ने अलग-अलग दो स्थानों पर युवक व युवती को पार्ट टाइम जॉब करके अधिक पैसा कमाने का आज देकर करीब तीन लाख रुपए ठग लिए। जब उन दोनों को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांधी नगर की लक्ष्मी गली निवासी जतिन ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह सोनीपत में एक कंपनी में काम करता है। आठ जून को उसके मोबाइल पर मैसेज आया, जिसमें पार्ट टाइम जॉब चेट सर्विस कंपनी की जिक्र किया गया था। फिर गूगल मैप पर कुछ लोकेशन लिंक दिए गए। जिन्हें रेटिंग करना था। रेटिंग करने पर उसे लगभग 450 रुपये मिले। इसके बाद उन्होंने उसे टेलीग्राम का लिंक दिया। आरोपियों ने दिए गए लिंक पर इन्वेस्ट करने को कहा। उसने आरोपियों पर विश्वास करके आठ जून को 5500 रुपये जमा करा दिये। उसके बाद आरोपियों द्वारा दिए गए अकाउंट में उसने दस हजार रुपए जमा करवाए। इस तरह से आरोपियों ने उसे इन्वेस्ट करके अधिक लाभ कमाने का लालच देकर करीब एक लाख 17 हजार रुपए जमा करवा लिए। इसके बाद भी आरोपी उसे अधिक पैसे इन्वेस्ट करने के लिए कहने लगे। जब उसे आरोपियों पर शक हुआ तो उसने अपने पैसे वापस मांगे मगर उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। बाद में आरोपियों का मोबाइल नंबर भी बंद आने लगा। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में के दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवती से ठगे एक लाख 84 हजार रुपये

गांव गढ़ी बंजारा निवासी कोमल ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत नहीं बताया कि वह अंबाला में प्राइवेट नौकरी करती है। गत 28 मई को उसके ऑफिस के व्हाट्सएप नंबर पर एक मैसेज आया। जिसमें पार्ट टाइम जॉब आईसीई एक्सचेंज ग्रुप के लिए दिया हुआ था। एप्लीकेशन पर एक लिंक दिया गया था। जिस पर उसे रिचार्ज के लिए कहा गया। उसे कहा गया कि वह जितना ज्यादा रिचार्ज करोगे उतना ज्यादा लाभ मिलेगा। इसके बाद साइबर लोगों ने उसे टेलीग्राम का एक लिंक दिया और उसे लिंक पर इन्वेस्ट करने के लिए कहा गया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके अलग-अलग तिथियों में एक लाख 84 हजार रुपए इन्वेस्ट कर दिए। इसके बाद भी उसे नुकसान दिखाया गया। उसने आरोपियों से बोला कि उसके पैसे नुकसान में क्यों जा रहे हैं तो आरोपियों ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और उसे दो लाख रुपए और इन्वेस्ट करने को कहा। जब उसे आरोपियों पर शक हुआ तो उसने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

# मृतक की पत्नी व सास-ससुर के खिलाफ केस दर्ज

- लव मैरिज के बाद युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला

**यमुनानगर।** शहर की सुभाष नगर कॉलोनी में लव मैरिज करने वाले युवक द्वारा फांसी लेकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी पूजा, सास व ससुर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुभाष नगर कॉलोनी निवासी सूरज प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके लड़के सुशील कुमार ने करीब चार साल पहले पूजा के साथ लव मैरिज की थी। शादी के बाद उनकी अनबन रहने लगी। इस पर पूजा ने उसके लड़के सुशील कुमार के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवाया था। जो कि कोर्ट में विचाराधीन है। इसके बाद से पूजा अपने पिता सुखविंदर पाल व माता गायत्री देवी के साथ अपने मायके में रह रही थी। इस कारण से उसका लड़का सुशील कुमार मानसिक रूप से परेशान रहता था। सूरज प्रकाश ने बताया कि 17 जून को उसका लड़का रात को खाना खाने के बाद अपने कमरे में जाकर सो गया था। सुबह जब उन्होंने दरवाजा खोलकर देखा तो उसका लड़का फंदे पर लटका हुआ था। उसने आरोप लगाया कि उसके लड़के सुशील को उसकी पत्नी पूजा, सास गायत्री देवी व ससुर सुखविंदर पाल ने आत्महत्या के लिए उकसाया है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 306 व 34 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# दो भाइयों को डंडों से पीटकर किया घायल

- पुलिस ने पांच आरोपियों को नामजद करते हुए एक अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** टक्कर लगने के बाद सड़क पर खड़े होकर कार चालक से बातचीत कर रहे बाइक सवार दो भाइयों पर कुछ युवकों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में पांच युवकों को नामजद करते हुए एक अन्य पर केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सहारनपुर के ढिक्का टपरी गांव निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह और उसका भाई रोहित फाइनेंस कंपनी में नौकरी करते है। 17 जून को वह दोनों भाई अपना काम खत्म करके बाइक पर घर जा रहे थे। जब वह यमुना नदी के पुल के पास हरियाणा सीमा पर पहुंचे तो पीछे से एक कार आई। आरोप है कि कार चालक ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह आरोपी कार चालक से बातचीत कर रहे थे। तभी सहारनपुर की तरफ से बाइक पर दो युवक आए। आरोपियों ने उन्हें रोका और उनके साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उनसे मारपीट करनी शुरू कर दी। तभी एक बाइक पर तीन युवक और आ गए। उनके हाथों में डंडे थे। आरोपियों ने उन युवकों के साथ मिलकर उनसे मारपीट की। सिर में डंडा लगने से उसका भाई रोहित घायल हो गया। आसपास के लोगों को एकत्रित होता देख आरोपी वहां से भागने लगे। उन्होंने एक युवक को पकड़ लिया। जिसने अपना नाम लापरा निवासी गुलफाम व अपने साथियों का नाम जासीर, जस्सी, सादिक, जाबीर व एक अन्य बताया। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस को दी।

# समस्याओं को दूर करने में कारगर साबित हो रहे हैं समाधान शिविर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी।

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में आयोजित किया समस्या समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एडीसी आयुष सिन्हा ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और मौके पर उनका निपटारा किया गया। समस्या समाधान शिविर में 74 शिकायतें पहुंची। एडीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि इन शिविरों में मुख्यतः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी व सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित समस्याएं सुनी गई और उनका मौके पर ही समाधान किया गया। इसी कड़ी में अशोक कुमार शास्त्री नगर कालोनी निवासी की मौके पर ही बुढ़ापा पैंशन में जो कमी थी ठीक करवाई गई। पिंकी गांधी नगर निवासी का भी मौके पर ही आधार कार्ड अपडेट किया गया। गीता देवी गांधी नगर, वीना रानी गांधी विकास नगर, धर्मवीर आजाद नगरए मीनाक्षी के परिवार पहचान पत्र की कमियों को ठीक किया गया। उन्होंने बताया कि वेद प्रकाश निवासी गांव छोली जो काफी समय से कैंसर से पीड़ित है उनका आयुष्मान कार्ड बनाया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने समाधान शिविर में आई पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का मौके पर संबन्धित थाना प्रभारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नीलम मेहरा, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीएमसी विजय पाल यादव व सुरेंद्र आदि मौजूद थे।

### शिविर में की 240 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच

# अस्थमा से बचने के लिए गर्मी के मौसम में खानपान में बरते ऐहतियात

- शहर के दिल्ली मार्ग पर कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मौसम में बढ़ रहे तापमान व उमस की वजह से अस्थमा, सांस व शुगर जैसी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को अपने खान पान पर विशेषकर ध्यान देना चाहिए। उक्त शब्द अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बुधवार को शहर के कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में कहे। मौके पर शिविर में 240 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां दी गई। इस दौरान अधिकांश मरीज सांस, अस्थमा, हृदय व दमा रोग के पाए गए। शिविर में अस्थमा व दमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह के नेतृत्व में कुशल चिकित्सकों की टीम ने 240 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। इस दौरान विभिन्न बीमारियों से पीड़ित रकरीब दो दर्जन से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य की बाल रोग विशेषज्ञों ने जांच कर दवाइयां दी। मौके पर शहर के वरिष्ठ अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि शिविर में अधिकांश मरीज सांस, दमा, शुगर, हृदय व अस्थमा से पीड़ित पाए गए। उन्होंने बताया कि आजकल मौसम के तापमान में जहां बढ़ौत्तरी हो रही है, वहीं, उमस बढ़ने लगी। जिसकी वजह से सांस, दमा, हृदय, अस्थमा व शुगर के मरीजों को ऐहतियात बरतने की जरूरत है। डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि अस्पताल में पिछले तेरह वर्षों से हर माह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर लोगों की सेवा की जा रही है। उन्होंने जिला वासियों से शिविर में पहुंचकर लाभ उठाए जाने की अपील की। मौके पर बाल रोग विशेषज्ञों ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की।



यमुनानगर। निर्मल अस्पताल में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में अस्थमा रोगियों की जांच करते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

### शिविर में 50 बच्चों के स्वास्थ्य की भी की जांच

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा 50 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान बच्चों को गर्मी में होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर उनके अभिभावकों को चिकित्सकों ने उनके खानपान पर ध्यान देने और गर्मी में घर से बाहर नहीं निकलने देने के बारे में विस्तार से बताया।

## खबर संक्षेप



### नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र जिले में विभिन्न स्थानों पर लोगों को एकत्रित कर नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित लोगों के साथ बातचीत के माध्यम से नशे जैसे भयंकर विषय पर चर्चा की। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों पर दृष्टिपात करते हुए कहा कि पूरे संसार में एक वर्ष में औसतन 80 लाख लोग तम्बाकू के सेवन से मरते हैं जबकि भारत में औसतन प्रतिवर्ष 19 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू के कारण होती है।

### कुवि में संवाद कार्यक्रम 28 को

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 28 जून को सीनेट हॉल में विजय दिवस रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत डी-5 मोटरसाइकिल दल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों व विद्यार्थियों के साथ संवाद करेगा। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि रेजीमेंट आफ आर्टिलरी द्वारा 12 जून 2024 से देश के तीन स्थानों से बाइक अभियान का आयोजन किया जा रहा है जो पूर्व, पश्चिम और दक्षिण भारत से शुरू होकर 10,000 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगा और अंत में द्रास में समाप्त होगा। 32 राइडर्स की टीम नई दिल्ली से गन हिल, द्रास तक जाएंगे।

### संकीर्तन में झूमे श्याम प्रेमी

**थानेसर।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा सलारपुर रोड़ स्तिथ श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में 525वां श्री श्याम ताली संकीर्तन आयोजित किया गया। अजय गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में सभी श्यामप्रेमियों ने पूजन में हिस्सा लिया। समस्त श्यामप्रेमी परिवार द्वारा खाटू श्यामजी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक ताली कीर्तन किया जाता है। साथ ही महिला ताली कीर्तन भी करवाए जाते हैं और महीने में दो दिवसीय श्रीखाटू धाम यात्रा राजस्थान जाती है। जिन भक्तों को अपने निवास स्थान,व्यापारिक प्रतिष्ठान एंव संस्थानों में श्याम जी का संकीर्तन करवाना हो, वे संपर्क कर सकते हैं।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 22 को

**कुरुक्षेत्र।** संत कबीर दास जी के जन्म दिवस पर 22 जून को वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा द्वारा दसवीं और बारहवीं कक्षा में मैरिट प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। सुभाष पारचा ने कहा कि जो बच्चे बारहवीं कक्षा पास करके अगली कक्षाओं में प्रवेश करने के बच्चों को मोटिवेट करने के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार चौहान, पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से प्रो. चंदन द्राविड़ और सीयू से प्रो. प्रवीण कुमार बच्चों को मोटिवेट करेंगे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर पिहोवा में हलचल शुरू, भाजपा और कांग्रेस से कई दावेदार

अभिषेक पूर्णिमा ▶▶| पिहोवा


मनदीप चट्ठा।


संदीप सिंह।


बलबीर सैनी।


जगदीश राठी।


तेजेंद्र गोल्डी खैहरा।


अमन चीमा।


गगनजोत संधू।

लोकसभा चुनाव परिणाम आते ही सभी राजनीतिक दलों ने विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी करनी शुरू कर दी है। पिहोवा विधानसभा क्षेत्र से टिकट के इच्छुक दावेदारों ने विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं एवं शीर्ष नेतृत्व के पीछे चक्कर लगाने व बैठके करनी शुरू कर दिया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने पिहोवा विधानसभा क्षेत्र से बढ़त हासिल कर दूसरी पार्टियों के नेताओं को परेशानी में डाल दिया है क्योंकि कांग्रेस व आप पार्टी के समस्त वोट बैंक से सुशील गुप्ता ने बढ़त हासिल की है। अब कुछ महीनों बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न पार्टी के नेताओं ने टिकट के लिए अभी से अपनी दावेदारी ठोकनी दी है। इतना ही नहीं ये नेता हल्के में अपने समर्थकों व पार्टी कार्यकताअरं के साथ मिल कर अपनी संभावित टिकट मिलने का प्रचार करने लगे है। सुशील गुप्ता को पिहोवा हल्के से मिली बढ़त से अन्य पार्टी प्रत्याशियों को परेशानी में डाल दिया है। अब उन्हें अपनी जीत की राह आसान नजर नहीं आ रही। लोकसभा चुनाव की अपेक्षा अब पिहोवा विधान सभा चुनाव में पहले से उन्हें कई गुणा ज्यादा मेहनत करनी होगी तब जाकर प्रत्याशी अपनी जीत का रास्ता खोल सकेंगे। बता दे की पिहोवा विधानसभा क्षेत्र की पूरे प्रदेश में अलग ही पहचान है जिसका मुख्य कारण पिहोवा में विश्व प्रसिद्ध मां सरस्वती तीर्थ है जहां लाखों लोग अपने पितरों की आत्मिक शांति हेतु कर्म काण्ड व पिंड दान करवाने आते है। वहीं राजनीतिक क्षेत्र में भी पिहोवा से आज तक लगभग सिख समुदाय से विधायक बनता आया है।

### ये है दावेदार

विधानसभा पिहोवा की बात करे तो पिहोवा से आम आदमी पार्टी के नेता बलबीर सैनी मजबूत दावेदार है। वही भाजपा की बात करे तो मौजूदा विधायक संदीप सिंह, तेजेंद्र गोल्डी खैहरा, डा. अवनीत वड़ैच के अलावा कई चेहरे अपनी अपनी दावेदारी जता रहे हैं। वही कांग्रेस पार्टी की ओर से पिहोवा से पूर्व मंत्री हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा के बेटे मनदीप चट्ठा, कांग्रेस नेता स्वामी संदीप ओंकार, जगदीश राठी, अमन चीमा, कंवरजीत सिंह प्रिंस, सतविंद्र सिंह टिम्मी व इनेलो से गगनजोत संधू व मंजीत इस्माईलाबाद सहित अनेक नेता है जो मौजूदा समय में टिकट की दावेदारी को लेकर पूरी तरह एक्टिव है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 5 सीटें मिलने से पार्टी कार्यकर्ताओं का हौंसला बढ़ा है। जिससे पार्टी नेताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

### बाहरी प्रत्याशियों को टिकट मिलने से स्थानीय नेताओं में निराशा

पिहोवा हलके के स्थानीय राजनीतिक नेताओं द्वारा हर बार चुनाव से पूर्व बाहरी प्रत्याशी का विरोध जताया जाता है लेकिन हर बार पिहोवा से पार्टियों द्वारा लगभग बाहरी प्रत्याशियों को टिकट देकर मैदान में उतारा जाता है ओर वे जीत हासिल कर स्थानीय नेताओं के राजनीतिक करियर में रोड़ा बन गए है ओर वे निराश है। कांग्रेस के युवा नेता अमन चीमा, हरमनदीप सिंह ने बाहरी प्रत्याशियों का विरोध करने का मुद्दा उठाया हुआ है। बता दें कि हलके के स्थानीय रहे इनेलो नेता रहे पूर्व विधायक स्वर्गीय जसविंद्र संधू एवं पूर्व मंत्री बलबीर सैनी ही विधायक बन पाए है इसके अलावा सभी बाहरी प्रत्याशी के बनकर हलके से विधायक बनकर विधानसभा में पहुंचे है। अब विधानसभा चुनाव को लेकर केवल तीन महीने का समय शेष रह गया है अब देखना यह होगा कि राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व पिहोवा विधानसभा अबकी बार भी बाहरी प्रत्याशियों को मौका देगी या लोकल प्रत्याशी को मौका मिलेगा।

## 21 जून को अनाज मंडी थानेसर में होगा जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में निकाली मैराथन

### योग मैराथन से युवाओं का मानसिक और सर्वांगीण विकास संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र







कुरुक्षेत्र। योग करते साधक व मैराथन में भाग लेते शहरवासी। फोटो : हरिभूमि

नगराधीश रमन गुप्ता ने कहा कि योग हमारी प्राचीन सभ्यता से जुड़ा है, योग करके हम मानसिक व शारीरिक रुप से मजबूत रह सकते है। योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार लोगों को योग के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है और लोग योग के प्रति जागरुक भी हुए है। नगराधीश रमन गुप्ता बुधवार को पायलट रिहर्सल के तहत द्रोणाचार्य स्टेडियम के पास मैराथन को हरी झंडी दिखाने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। योग मैराथन में स्कूली विद्यार्थियों, योग संस्थाओं, कॉलेज विद्यार्थियों व आमजन ने भाग लेकर योग के प्रति लोगों को जागरुक करने का काम भी किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पुरुषोतमपुरा बाग में योग प्रोटोकॉल के तहत कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई गई। नगराधीश रमन गुप्ता ने इस मौके पर बताया कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आज योग मैराथन के साथ-साथ पायलट रिहर्सल आयोजित की गई है। योग मैराथन द्रोणाचार्य स्टेडियम से शुरू होकर पुरुषोतमपुरा बाग तक गई है। इस दौरान सभी ने योग के प्रति आमजन को जागरुक किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार 21 जून को 10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस योग दिवस को ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से ही पूरे जिले में योग का प्रशिक्षण देने व योग रिहर्सल का कार्य किया गया। योग से हर बीमारी पर अंकुश पाया जा सकता है। योग और आसन करने से सर्वाइकिल, डायबिटीज, उच्च व निम्न रक्तचाप, एसीडीटी सहित अनेकों प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। जब प्रदेश का प्रत्येक नागरिक स्वस्थ होगा तभी वह प्रदेश, समाज की तरक्की में योगदान दे सकेगा। योग ही मनुष्य को स्वस्थ रख सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि योग को हमें एक दिन ना करके उसे नियमित रुप से अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। योग करके हम मानसिक व शारीरिक रुप से मजबूत बन सकते है। प्रदेश सरकार द्वारा योग की महत्वता बारे आमजन में जागरुकता आए इसके लिए कार्य किए जा रहे है और आज योग को पूरे संसार ने माना है।

### योग की विभिन्न क्रियाओं का करवाया अभ्यास

पुरुषोतमपुरा बाग में पायलट रिहर्सल के तहत योग प्रशिक्षकों ने योग प्रोटोकॉल के तहत योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास करवाया, उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों, योग संस्थाओं के सदस्यों ने इन क्रियाओं का अभ्यास किया। इस दौरान वज्रासन, चक्रासन, ताड़ासन, भुजंगासन, मत्स्यासन, कपालभाती, प्राणायाम अनुलोम-विलोम आदि क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। आयुष विभाग के अधिकारी ने बताया कि 21 जून को जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन अनाज मंडी थानेसर में किया जाएगा और कुरुक्षेत्र जिला में ब्लॉक स्तर पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी जगहों पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्तियां कर दी गई है। सभी अधिकारियों को समय रहते सभी प्रकार की तैयारियां पूरी करने के आदेश दिए गए है। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, मनजीत, मनोज चौहान, डॉ. कुलवंत, डॉ. महिपाल सिंह, डॉ. जागीर सिंह, एआईपीआरओ बलराम शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# सीवाईएसएस ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते सीवाईएसएस के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सीवाईएसएस ने कुरुक्षेत्र कोर्ट में मुख्यमंत्री के नाम सीटीएम को ज्ञापन सौंपकर कर सीईटी को क्वालीफाई नेचर का करने की मांग की और हरियाणा सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द ही युवाओं की मांग को नहीं सुना गया, तो हरियाणा में युवा एक बड़ा आंदोलन करेंगे। जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष और प्रदेश उपाध्यक्ष भारत बराड़ ने कहा कि लंबे समय से युवा सीईटी को क्वालीफाई नेचर का करवाने की मांग कर रहा है। सरकार ने फैसला लिया था की पोस्ट के अनुसार सर्फ 4 गुना युवाओं को ही परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। सभी युवाओं को परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलना चाहिए, जिन्होंने सीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिस आधार पर सीटेट और एस्टेट की परीक्षाएं ली जाती हैं, उस आधार पर सीईटी को भी लिया जाए क्योंकि ये भी पात्रता परीक्षा है और जिन युवाओं के 50 या इससे ऊपर नंबर है वो पढ़ना नहीं छोड़ेंगे, युवाओं की प्रतिभा में निखार आएगा। वो अपनी लाइफ के अंदर और ज्यादा अच्छा करने की कोशिश करेंगे।

### दर्रा कलां में पनप रही 2 अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया नष्ट

**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार थानेसर उपमंडल में राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां एनआईटीगेट के सामने में 2 अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अशोक गर्ग ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां एनआईटीगेट के सामने में 2 अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने श्राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां एनआईटीगेट के सामने में 2.75 एकड़ व 3 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा गांव दर्रा कलां एनआईटीगेट के सामने में 2 अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरुरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की।

# श्रीकृष्ण मंडल ट्रस्ट की ओर से 24वां विशाल मां भगवती जागरण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। जागरण में ज्योति प्रचण्ड करती सीता देवी साथ में कृष्णा लाल बुद्धिराजा।

भगवान नगर स्थित पीपली में श्रीकृष्ण मंडल ट्रस्ट की ओर से 24वां विशाल मां भगवती जागराते का आयोजन किया गया। पंडित अंकित शर्मा ने वैदिक मंत्रोंचारण के साथ पूजा अर्चना करवाई। इस मौके पर ज्योति प्रचण्ड सीता देवी ने की। जागरण का विधिवत आगाज श्रीगणेश वंदना के साथ हुआ। गोशाला बाजार के ओम भाई सुभाष भाई एंड पार्टी ने मां भगवती के दरबार में एक से एक बढ़कर एक भक्ति रचनाएं प्रस्तुत की। धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संसार होता है। सभी धार्मिक आयोजनों में अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। कृष्ण लाल बुद्धिराजा ने कहा कि सभी के कल्याण के लिए भगवान जागरण का आयोजन किया गया। कथावाचक अशोक चुघ ने जागरण में माता तारारानी की कथा श्रवण करवाई। इस मौके पर रोशन लाल बुद्धिराजा, धीरज गुगलानी, अनील हांडा, अशोक मैहता, जगदीश गुप्ता आदि भक्तजन मौजूद रहे।

### हरियाणा रोडवेज जागृति मंच को मिला शिष्टमंडल

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा रोडवेज जागृति मंच की राज्य कमेटी का शिष्टमंडल परिवहन मंत्री असीम गोयल से उनके निवास स्थान चंडीगढ़ में मिले और हरियाणा राज्य परिवहन में कार्यरत चालक परिचालकों की मांगों को लेकर 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इसमें चालक परिचालक के पे ग्रेड में बढ़ोतरी की जाए, वर्ष 2016 में आऊट सोसिंर्ग पॉलिसी पार्ट-2 के तहत नियुक्त चालकों को डेट ऑफ ज्वाइनिंग से पक्का किया जाए, चालक परिचालक कर्मचारी को जोखिम भत्ता दिया जाए, चालक परिचालक कर्मचारी का वर्दी भत्ता, जूता भत्ता और धुलाई भत्ता बढ़ाया जाए और चालक परिचालक कर्मचारी बकाया सारा बोनस दिया जाए तथा रिटायर कर्मचारियों को पहले की तरह मुफ्त आने जाने की सुविधा बहाल की जाए।

# हमेशा सत्य का आचरण करें : आचार्य संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रशिक्षण प्राप्त करती वीरांगनाएं। फोटो : हरिभूमि

जीवन में वही लोग उन्नति और सम्मान पाते हैं जो हमेशा सत्य का आचरण करते हैं। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र में चले रहे सार्वदेशिक आर्य वीरांगना दल के राष्ट्रीय शिविर में रोजड़, गुजरात से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य संदीप ने कहे। उन्होंने वीरांगनाओं को जीवन में हमेशा सद्मार्ग पर चलने और यथासंभव दूसरों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व शिविर में पहुंचने पर संचालिका व्रतिका आर्या एवं मुख्य संरक्षक संजीव आर्य ने आचार्यश्री का स्वागत किया। बता दें कि गुजरात मे महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी की प्रेरणा एवं सार्वदेशिक आर्य वीर दल के अध्यक्ष स्वामी डॉ. देवव्रत सरस्वती के मार्गदर्शन में गुरुकुल में यह शिविर चल रहा है जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों की लगभग 400 आर्य वीरांगनाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। आचार्य संदीप ने वीरांगनाओं को सम्बोधित करते हुए कहा शिविरों में युवाओं को समाज में फैली बुराइयों को दूर कर नई जाग्रति लाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है और यह तभी सार्थक है जब युवा पीढ़ी शिविर की दिनचर्या और लिये गये प्रशिक्षण को अपने जीवन में आत्मसात करें।

# प्रकाश उत्सव समागम पर लगाया लंगर और ठंडे पेय पदार्थ किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में छबील से ठंडा पानी पीती संगत। फोटो : हरिभूमि

मीरी-पीरी के मालिक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश उत्सव समागम में श्री अखंठ पाठ साहिब की दूसरी लड़ी के मध्य भोग दौरान भारी गिनती में संगत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष नतमस्त हुई। गुरुद्वारा साहिब के पूर्व हैड ग्रंथी एवं कथावाचक भाई गुरदास सिंह ने सरबत के भले की गुरु चरणों में अरदास की। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनियामाजरा, सतपाल सिंह, उप सचिव रूपिंदर सिंह, अमरिंदर सिंह, गुरुद्वारा साहिब पातशाही पहली व दसवीं कपाल मोचन बिलासपुर के मैनेजर हरकीरत सिंह व मैनेजर हरकीरत सिंह ने संगत का हरियाणा कमेटी की ओर से संगत का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में दूर दराज से आई संगत के लिए अलग-अलग पकवान का लंगर लगाया गया। इसी के साथ संत बाबा अमरीक सिंह पटियाला वालों की टीम ने संगत के लिए ठंडे पेय पदार्थ की सेवा की गई, जबकि संगत के लिए दही-भल्ले का स्टाल भी लगाया गया। संगत को गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठंडे पानी एवं जलजीरे की छबील बुधवार को भी लगातार चलती रही। बताया गया है कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में प्रतिदिन 400 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया कि 20 से 22 जून तक लगातार दिवान सजाएंगें, जिनमें सिख पंथ के महान विद्वान संगत का मार्गदर्शन करेंगे।

## पेपर लीक और धांधली के खिलाफ आप ने किया प्रर्दशन

# नीट में हुई गड़बड़ी ने बच्चों का भरोसा तोड़ाः सुशील

- सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नीट परीक्षा में हुए घोटाले की जांच कराई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता,पूर्व मंत्री बलबीर सैनी एवं जिलाध्यक्ष विशाल खुबबड के नेतृत्व में नीट पेपर लीक व धांधली के खिलाफ प्रदर्शन किया इस प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारी व सभी कार्यकर्ताओं शामिल हुए। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी, जिलाध्यक्ष विशाल खुब्बड़, भारत, गुरदेव सूरा, गहल संधू, आशा पठानिया, रोहताश रंगा, बीर सिंह, पुष्पराज, मान सिंह, हरबंस लाल, सीमा सम्भलकी, इंद्र जीत अरोड़ा, जय भगवान चिबा, जीत राम मैहरा इत्यादि गणमान्य साथी उपस्थित रहे। सुशील गुप्ता ने कहा कि हाल ही में देश की सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल परीक्षा नीट के रिजल्ट में हुई गड़बड़ी ने देश के लाखों बच्चों का भरोसा तोड़ दिया है। बीजेपी सरकार में देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा पर भी सवालिया निशान लग गए हैं। लाखों बच्चे और अभिभावक इसकी वजह से मानसिक तनाव में हैं। 1583 बच्चों को ग्रेस मार्क्स दिए गए और कई जगह से परीक्षा में गड़बड़ी की खबरें आने पर देश के लाखों बच्चों का भविष्य खतरे में है। 24 लाख बच्चों के साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। उन्होंने कहा कि एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन पाने के लिए 12वीं के बच्चे प्री-मेडिकल नीट एग्जाम देते हैं। नीट की परीक्षा देश के प्रतिष्ठित परीक्षाओं में गिना जाता है। इससे पहले कभी ऐसा नहीं सुना गया कि पैसे देकर पीएमटी एग्जाम में अच्छे नंबर ला सकते हैं। पिछले कुछ दिनों से लगातार गुजरात के गोधरा, बिहार के पटना और उत्तर प्रदेश से परीक्षा में बड़े घोटाले की खबर आ रही है। बिहार पुलिस ने भी माना है कि नीट के प्रश्न पत्र के लिए छात्रों से 30 से 50 लाख रुपए लिए गए। गुजरात के गोधरा में एग्जम सेंटर के डिप्टी सुपरीटेंडेंट खुद इस भ्रष्टाचार में शामिल थे। केंद्र सरकार सब कुछ जानती हुई भी भ्रष्टाचार को छिपाने की कोशिश कर रही है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नीट परीक्षा में हुए घोटाले की जांच कराई जाए। ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

